# एक नजर में तेल उद्योग विकास बोर्ड की गतिविधियों का अवलोकन

## 2016-17
## (अक्टूबर – दिसम्बर)




तेउविबो
OIDB

## तेल उद्योग विकास बोर्ड
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार

**Oil Industry Development Board**
**Ministry of Petroleum & Natural Gas, Government of India**

# एक नजर में तेल उद्योग विकास बोर्ड की गतिविधियाँ

तेल उद्योग विकास बोर्ड का गठन तेल उद्योग (विकास) अधिनियम 1974 के लागू होने के बाद 1975 में किया गया। बोर्ड उक्त अधिनियम के तहत, अनुदानों, अग्रिम ऋणों, ऋणों व आस्थगित भुगतानों पर गारंटी तथा तेल संबंधी औद्योगिक संस्थाओं के स्टॉक, शेयर, बॉड तथा डिबेंचरों में अंशदान तथा सहयोग देने के माध्यम से उनको सहायता प्रदान करता है। बोर्ड द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों को संचालित करने के लिए सहायता प्रदान की जाती है :–

- क) भारत के भीतर (उसकी महाद्वीपीय जल–सीमा सहित) या भारत के बाहर खनिज तेल की संभावनाओं का पता लगाने या अन्वेषण के लिए;
- (ख) कच्चे तेल के उत्पादन, रखरखाव, भण्डारकरण और परिवहन की सुविधाओं को स्थापित करने हेतु;
- (ग) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिष्करण और विपणन के लिए;
- (ध) पेट्रो–रसायन और उर्वरकों के विनिर्माण और विपणन के लिए;
- (ड.) वैज्ञानिक, तकनीकी और आर्थिक अनुसंधानों के लिए जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से तेल उद्योग के लिए उपयोगी हो;
- (च) तेल उद्योग के किसी भी क्षेत्र में प्रयोगात्मक या मार्गदर्शी अध्ययन के लिए;
- (छ) तेल उद्योग में लगे या तेल उद्योग में लगने वाले किसी भी क्षेत्र के अन्य कामों में लगे कर्मियों को भारत में या विदेशों में प्रशिक्षण तथा अन्य विहित उपायों के लिए;

अपने उद्देश्य के अनुसरण में तेल उद्योग विकास बोर्ड पाँच नियमित अनुदान ग्राही संगठनों अर्थात हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच), तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय, (ओआईएसडी), उच्च प्रौद्योगिकी केन्द्र (सीएचटी), पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए), पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण कक्ष (पीपीएसी) को अनुदान के माध्यम से सहायता प्रदान करता है। तेल क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढावा देने हेतु तेउविबो ने विभिन्न परियोजनाओं जैसे भारतीय पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी, देहरादून, राष्ट्रीय भू–भौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, आई आई टी, मुंबई, बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची, सेंटर इंस्ट्टियूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियर एण्ड टैक्नोलॉजी, चैन्नई, भारतीदासन विश्वविद्यालय, तामिलनाडू, आईओसीएल (अनुसंधान एवं विकास) एनजीएचपी परियोजनाओं तथा राजस्थान सरकार की विभिन्न परियोजनाओं को भी समय–समय पर सहायता प्रदान की है। बोर्ड, राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान को सिवासागर, असम और जयास रायबरेली की परियोजना के पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए भी अनुदान प्रदान कर रहा है। वर्ष 1975–76 से 2015–16 तक तेउविबो ने 2607.76 करोड का समेकित अनुदान वितरित किया है। वर्ष 2016–17 (31.12. 2016 तक) के दौरान इन अनुदानी संस्थानों को 478. 64 करोड रूपये का अनुदान जारी किया जा चुका है।

तेउविबो 1974–75 में अपने गठन से ही तेल क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनियों को ऋण प्रदान कर रहा है और वित्त वर्ष 2015–16 तक 40286.24 करोड रूपये समेकित ऋण वितरित किया गया है। गैस ऑथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल), इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), मैंगलौर रिफाइनरी पेट्रोकैमिकल लिमिटेड (एमआरपीएल), ब्रह्मपुत्र क्रेकर एंड पोलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल), भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), चैन्नई पेट्रोरसायन कार्पोरेशन लिमिटेड, (सीपीसीएल) और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड

(एचपीसीएल), तेउविबो द्वारा तेल क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनियों को जारी ऋणों के मुख्य लाभार्थी हैं।

ऋणों का उपयोग मुख्य रूप से गैस और तेल पाइपलाइन परियोजनाओं, नई रिफाइनरियों की स्थापना, मौजूदा रिफाइनरियों में गुणवता सुधार, सिंगल प्वाइंट मूरिंग तथा शहरी गैस वितरण परियोजनाओं आदि के लिए फंड उपलब्ध कराने के लिए किया गया। वर्ष 2016–17 (31.12.2016 तक) के दौरान रूपये 589.12 करोड रूपये के ऋण तेल क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनियों को जारी किए गए।

ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार ने तीन स्थानों अर्थात, विशाखापट्टनम, मंगलौर और पादुर (उडुपी के पास) में 5.33 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) के सामरिक कच्चे तेल के भंडार बनाने का निर्णय लिया था। ये सामरिक भंडारण तेल कंपनियों के पास कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के मौजूदा भंडारणों के अतिरिक्त होगा और बाहरी आपूर्ति अवरोधों के प्रति उत्तर में एक ढाल के रूप में काम करेंगे। प्रस्तावित सामरिक भंडारण सुविधाओं के निर्माण का प्रबंधन तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) के पूर्णतः स्वामित्व वाली कंपनी इंडियन स्ट्रेटेजिक पैट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल), एक विशेष प्रयोजन वाहन, द्वारा किया जा रहा है। तेल उद्योग विकास बोर्ड ने इंडियन स्ट्रेटेजिक पैट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड में 31.3.2016 तक स्वीकृत 3832.56 करोड रूपये की इक्विटी में से 3456.61 करोड रूपये की इक्विटी का योगदान दिया है। वित्तीय वर्ष 2016–17 (30.1.2016 तक) में आईएसपीआरएल को 96.19 करोड रूपये की इक्विटी जारी की गई है। इसके अलावा तेउविबो ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मैसर्स बीको लॉरी लिमिटेड में 50. 34 करोड रूपये का इक्विटी निवेश किया है।

इसके अलावा, तेउविबो ने ऑटो ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग को बढावा देने के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बनाए गए हाइड्रोजन कॉर्पस फंड में भी 40 करोड का अंशदान दिया है। फंड का कुल कॉर्पस 100 करोड रूपये है, जिसे तेउविबो तथा तेल क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनियों द्वारा 40:60 के अनुपात में बाँटा गया है। हाइड्रोजन कॉर्पस फंड के अंतर्गत स्वीकृत 8 परियोजनाओं को 27.00 करोड की लागत से पूरा किया गया। हाइड्रोजन कॉर्पस फंड के अंतर्गत 31.12.2016 तक रूपये 136.72 करोड (लगभग) का कुल कॉर्पस उपलब्ध है।

तेल उद्योग विकास बोर्ड ने पेट्रोफैड के साथ हाइड्रोकार्बन क्षेत्र कौशल परिषद (एचएसएससी) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाइड्रोकार्बन उद्योग की विभिन्न कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने तथा स्थानीय और विश्व स्तर पर रोजगार अवसरों को बढाना एचएसएससी का उद्देश्य है।

तेल उद्योग विकास बोर्ड, सूखा राहत ट्रस्ट का भी रखरखाव करता है, जिसका गठन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 9.7.2000 को किया गया। वर्ष 2001–02 में इसके गठन के बाद से अब तक ट्रस्ट द्वारा लगभग 15 करोड रुपये जारी किए जा चुके हैं, जिसमें से वित्त वर्ष 2015–16 में 1.00 करोड रुपये मानव संसाधन मंत्रालय को लकड़ियों के शौचालय बनाने के लिए दिए गए। ट्रस्ट के खाते से निधियों का मुख्यतः सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पेय जल के परिवहन हेतु डीजल की लागत तथा अन्य कल्याणकारी गतिविधियों के लिए उपयोग किया गया। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष और मुख्य मंत्री राहत कोष, उत्तराखंड में भी योगदान दिया गया।

# आधारभूत (बेसिक) पेट्रोलियम सांख्यिकी

| क्रम सं. | विवरण | यूनिट / बेस | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 (पी) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत में कच्चे तेल का उत्पादन | एमएमटी | 37.8 | 37.5 | 36.9 |
| 2 | भारत में पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन | एमएमटी | 220.3 | 220.7 | 230.7 |
| 3 | भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत | एमएमटी | 158.4 | 165.5 | 183.5 |
| 4 | प्राकृतिक गैस (सकल उत्पादन) | एमएमएससीएम | 35407 | 33657 | 32249 |
| 5 | प्राकृतिक गैस का शुद्ध उत्पादन, (गैस फ्लेयर को छोडकर) | एमएमएससीएम | 34574 | 32693 | 31138 |
| 6. | कच्चे तेल की औसत कीमत | यूएसडी / बीबीएल | 105.52 | 84.16 | 46.17 |
| 7 | आयात और निर्यातः | | | | |
| | कच्चा तेल (आयात) | $ बिलियन | 143.0 | 112.7 | 64.4 |
| | पेट्रोलियम उत्पाद (आयात) | $ बिलियन | 12.2 | 12.2 | 10.0 |
| | पेट्रोलियम आयात (कच्चा तेल+पीओएल उत्पाद) | $ बिलियन | 155.2 | 124.9 | 74.4 |
| | पेट्रोलियम उत्पाद (निर्यात) | $ बिलियन | 60.7 | 47.3 | 27.1 |
| 8 | भारत के सकल आयात में से कुल पेट्रोलियम आयात की प्रतिशतता मूल्य आधार पर) | % | 34.5 | 27.9 | 19.4 |
| 9 | भारत के सकल निर्यात में से कुल पेट्रोलियम निर्यात की प्रतिशतता मूल्य आधार पर) | % | 19.3 | 15.2 | 10.5 |
| 10 | आयात पर निर्भरता (खपत के आधार पर) | % | 77.6 | 78.5 | 80.8 |
| 11 | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस में एफडीआई प्रवाह की वार्षिक वृद्धि | यूएसडी | 112.23 | 1079.02 | 103.02 |

**स्रोत : पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय एवं पीपीएसी**

# 1974-75 से 2016-17 (31.12.2016 तक) तेल उद्योग विकास बोर्ड कॉपर्स

(करोड़ रुपये में)

| वर्ष | सरकार द्वारा कच्चे तेल पर संग्रह किया गया उपकर | सरकार द्वारा तेउविबो को किया गया भुगतान | तेउविबो द्वारा संवितरित ऋण | तेउविबो द्वारा संवितरित अनुदान | तेउविबो कोष में अभिवृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1974-75 | 30.82 | 16.01 | 16.00 | - | - |
| 1975-76 | 50.05 | 62.27 | 61.63 | 0.20 | 2.03 |
| 1976-77 | 52.88 | 48.19 | 51.69 | 0.25 | 5.32 |
| 1977-78 | 63.72 | 50.10 | 54.67 | 0.20 | 8.59 |
| 1978-79 | 68.89 | 20.00 | 26.11 | 1.20 | 9.76 |
| 1979-80 | 69.70 | 140.00 | 165.56 | 0.22 | 16.75 |
| 1980-81 | 60.40 | 25.01 | 91.51 | 1.04 | 34.78 |
| 1981-82 | 138.97 | 142.92 | 187.90 | 1.59 | 41.03 |
| 1982-83 | 268.83 | 100.00 | 235.44 | 0.46 | 59.30 |
| 1983-84 | 812.80 | - | 124.87 | 1.01 | 47.00 |
| 1984-85 | 850.12 | - | 233.20 | 4.89 | 82.41 |
| 1985-86 | 897.66 | - | 70.97 | 7.36 | 97.55 |
| 1986-87 | 981.50 | - | 165.04 | 9.52 | 103.54 |
| 1987-88 | 1806.60 | - | 242.01 | 5.42 | 108.48 |
| 1988-89 | 2013.64 | 63.09 | 260.39 | 11.37 | 121.55 |
| 1989-90 | 2914.57 | 50.00 | 241.09 | 8.64 | 129.31 |
| 1990-91 | 2785.15 | 89.81 | 294.94 | 6.52 | 259.03 |
| 1991-92 | 2500.64 | 95.00 | 1029.83 | 9.71 | 287.32 |
| 1992-93 | 2207.61 | - | 706.20 | 11.29 | 267.30 |
| 1993-94 | 2175.46 | - | 915.82 | 12.22 | 396.51 |
| 1994-95 | 2566.16 | - | 276.27 | 26.15 | 319.49 |
| 1995-96 | 2819.52 | - | 822.38 | 27.29 | 395.50 |
| 1996-97 | 2558.03 | - | 1428.21 | 44.24 | 494.98 |
| 1997-98 | 2528.74 | - | 1513.65 | 37.80 | 510.55 |
| 1998-99 | 2448.18 | - | 1107.15 | 51.24 | 544.82 |
| 1999-00 | 2589.44 | - | 980.32 | 45.41 | 615.52 |
| 2000-01 | 2582.21 | - | 1144.83 | 57.15 | 565.01 |
| 2001-02 | 2722.79 | - | 1504.25 | 96.51 | 613.85 |
| 2002-03 | 4873.17 | - | 1790.50 | 123.07 | 355.61 |
| 2003-04 | 4919.49 | - | 520.00 | 77.21 | 247.36 |
| 2004-05 | 5033.97 | - | 2211.83 | 75.18 | 251.17 |
| 2005-06 | 4857.58 | - | 760.00 | 89.51 | 348.61 |
| 2006-07 | 6875.53 | - | 1827.90 | 211.45 | 509.17 |
| 2007-08 | 6854.00 | - | 1982.10 | 105.80 | 349.61 |
| 2008-09 | 6680.94 | - | 3043.00 | 135.94 | 367.68 |
| 2009-10 | 6637.13 | - | 2779.00 | 151.59 | 347.21 |
| 2010-11 | 7671.44 | - | 1388.41 | 128.77 | 329.83 |
| 2011-12 | 8065.46 | - | 1862.59 | 140.32 | 323.36 |
| 2012-13 | 14473.16 | - | 2307.00 | 152.46 | 267.36 |
| 2013-14 | 14542.38 | - | 2487.65 | 151.68 | 252.85 |
| 2014-15 | 14677.24 | - | 1459.85 | 310.64 | 231.40 |
| 2015-16 | 14468.94 | - | 1914.48 | 275.24 | 242.13 |
| 2016-17 (31.12.2016 तक) | 6154.41* | - | 589.12 | 478.64 | आँकडे उपलब्ध नहीं |
| **कुल** | **168349.92** | **902.40** | **40875.36** | **3086.40** | **10560.66** |

स्रोत : ओएनजीसी, ओआईएल एवं डीजीएच

# तेल उद्योग विकास बोर्ड बजट एक परिदृश्य

(करोड़ रुपये में)

| क्र. सं. | शीर्ष | वित्त वर्ष – 2015–16 | | | वित्त वर्ष – 2016–17 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बी.ई. | आर.ई. | वास्तविक | बी.ई. | वास्तविक (30.12.2016 तक) |
| 1 | **नियमित अनुदानी संस्थानों को अनुदान** | | | | | |
| i). | डीजीएच | 257.99 | 134.15 | 121.52 | 203.48 | 95.28 |
| ii). | पीसीआरए | 71.07 | 47.13 | 41.13 | 74.00 | 14.91 |
| iii). | सीएचटी | 31.02 | 20.14 | 19.59 | 28.25 | 7.45 |
| iv). | पीपीएसी | 19.04 | 19.63 | 17.76 | 21.63 | 14.40 |
| v). | ओआईएसडी | 15.55 | 16.18 | 15.05 | 17.67 | 8.73 |
| 2 | **अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को अनुदान** | 201.98 | 358.65 | 39.55 | 39.91 | 337.87 |
| 3 | **अन्य संस्थानों को अनुदान** | 33.69 | 27.64 | 20.64 | 82.64 | 0.00 |
| 4 | **कुल अनुदान (1 से 3 तक) (क)** | 630.34 | 623.52 | 275.24 | 467.58 | 478.64 |
| 5 | **ऋण** | 1517.51 | 1914.76 | 1914.48 | 1844.00 | 589.12 |
| 6 | **आईएसपीआरएल में इक्विटी** | **236.00** | **378.00** | **241.03** | **250.00** | **96.19** |
| 7 | विशाखापट्टनम के ओएंडएम खर्चे (आईएसपीआरएल द्वारा प्रतिपूर्ति) | 0.00 | 16.00 | 1.88 | 0.00 | 0.00 |
| 8 | **कुल (ख)** | **1753.51** | **2308.76** | **2157.39** | **2094.00** | **685.31** |
| 9 | **प्रशासनिक एवं अन्य खर्चे** | | | | | |
| i). | राज्य सरकार की रायल्टी | 56.00 | 83.00 | 82.29 | 0.00 | 0.00 |
| ii). | पूंजीगत व्यय | 34.4 | 2.51 | 1.20 | 31.90 | 0.60 |
| iii). | एमएम सेल एवं कान्ट्रेक्ट खर्चे | 5.00 | 5.20 | 5.18 | 5.50 | 3.14 |
| iv). | तेउविबो कार्मिकों के सेवान्त लाभ पर व्यय (पेंशन और ग्रेच्युटी) | 1.00 | 2.00 | 0.19 | 2.00 | 0.00 |
| v). | नोएडा में तेउविबो की बिल्डिंग का रखरखाव व प्रचालन | 8.84 | 7.35 | 6.02 | 8.23 | 5.48 |
| vi). | राजस्व और प्रशासनिक व्यय | 4.89 | 4.21 | 3.08 | 5.23 | 2.63 |
| 10 | **कुल (ग)** | **110.13** | **104.27** | **97.96** | **52.86** | **11.85** |
| 11 | **कुल योग (क+ख+ग)** | **2493.98** | **3036.55** | **2530.39** | **2614.44** | **1175.80** |

# तेउविबो निधियों की संरचना (31.12.2016 तक)

| क्र. सं. | वितरण | राशि करोड़ रुपये में |
|---|---|---|
| 1. | 31.12.2016 को तेल क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनियों को बकाया ऋण | 5703.41 |
| 2. | 31.12.2016 तक आईएसपीआरएल की इक्विटी में योगदान | 3552.80 |
| 3. | बीएलएल की इक्विटी में योगदान | 50.34 |
| 4. | तेउविबो के बैंक खातों में 31.12.2016 सावधि जमा के रूप में निधियाँ | 1603.91 |
| 5. | **कुल निधियाँ** | **10910.46** |

# अनुदान हेतु निर्धारित बजट और जारी
# (वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2015-16 तक)


राशि (करोड़ रुपये में)


| अनुदायी संस्थानों के नाम | 2013-14 | | | 2014-15 | | | 2015-16 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बी.ई. | आर.ई. | वास्तविक | बी.ई. | आर.ई. | वास्तविक | बी.ई. | आर.ई. | वास्तविक |
| डीजीएच | 110.88 | 61.25 | 39.62 | 124.00 | 155.76 | 137.95 | 257.99 | 134.15 | 121.52 |
| पीसीआरए | 58.31 | 58.31 | 41.54 | 44.71 | 44.71 | 40.86 | 71.07 | 47.13 | 41.13 |
| सीएचटी | 17.57 | 22.2 | 18.45 | 15.62 | 22.25 | 10.39 | 31.02 | 20.14 | 19.59 |
| पीपीएसी | 15.59 | 15.32 | 14.36 | 18.63 | 22.69 | 16.25 | 10.04 | 19.63 | 17.76 |
| ओआईएसडी | 16.7 | 14.07 | 13.74 | 16.00 | 14.84 | 14.82 | 15.55 | 16.18 | 15.05 |
| **कुल (क)** | **219.05** | **171.15** | **127.71** | **218.96** | **260.25** | **220.27** | **394.67** | **237.23** | **215.05** |
| **अनुसंधान एवं विकास** | | | | | | | | | |
| एनजीआरआई, हैदराबाद | 0.27 | 0.00 | 0.00 | 0.27 | 0.07 | 0.00 | 0.00 | 0.10 | 0.00 |
| कोल बेड मिथेन, राजस्थान सरकार | 2.22 | 0.5 | 0.00 | 4.30 | 0.83 | 0.83 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची | 0.39 | 0.00 | 0.00 | 0.39 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00. | 0.00 |
| आईआईटी, मुंबई | 0.00 | 0.06 | 0.06 | 0.18 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| आईआईपी, देहरादून | 1.61 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.90 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| सिपेट, गुंडी, चैन्नई | 0.10 | 0.00 | 0.00 | 0.10 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| आईओसीएल, अनु० एवं वि० केन्द्र | 0.09 | 0.00 | 0.00 | 0.09 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| राष्ट्रीय गैस हाइड्रेट कार्यक्रम | 300.00 | 1.49 | 0.23 | 162.96 | 152.00 | 0.31 | 158.48 | 309.23 | 1.05 |
| INDAdept प्रदर्शन प्रौद्योगिकी गोवहाटी रिफाइनरी | 13.37 | 2.53 | 0.00 | 17.00 | 9.09 | 3.70 | 43.50 | 49.32 | 38.50 |
| **कुल (ख)** | **318.05** | **4.58** | **0.29** | **185.29** | **162.89** | **4.84** | **201.98** | **358.65** | **39.55** |
| **अन्य अनुदान** | | | | | | | | | |
| पी एंड एनजी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय अभिनव परिषद | 1.00 | 0.00 | 0.00 | 1.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00. | 0.00 |
| आरजीआईपीटी, रायबरेली | 40.00 | 37.00 | 23.68 | 98.63 | 92.47 | 85.53 | 13.69 | 20.64 | 20.64 |
| आरजीआईपीटी असम केन्द्र | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 7.00 | 0.00 |
| ओएमसीज द्वारा पीडीएस/कैरोसीन एवं धरेलू एलपीजी हेतु समार्ट कार्ड का वितरण | 3.28 | 0.00 | 0.00 | 3.28 | 2.32 | 0.00 | 0.00 | 0.00. | 0.00 |
| कच्चे तेल के स्ट्रेटिजिक भण्डारण हेतु डीएफआर/पीएफआर | 3.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.55 | 0.00 | 0.00 | 0.00. | 0.00 |
| **जोड़ (ग)** | **47.28** | **37.00** | **23.68** | **102.91** | **95.34** | **85.53** | **33.69** | **27.64** | **20.64** |
| **कुल जोड़ (क+ख+ग)** | **584.38** | **212.73** | **151.68** | **507.16** | **518.48** | **310.64** | **630.34** | **623.52** | **275.24** |


# जारी अनुदान (वित्तीय वर्ष 2016-17 - 31.12.2016 तक)

(रुपये करोड़ में)


| वित्तीय वर्ष 2016–17 | डीजीएच | सीएचटी | ओआईएसडी | पीसीआरए | पीपीएसी | अ० एवं वि० | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बजट प्रावधान | बी.ई. | बी.ई. | बी.ई. | बी.ई. | बी.ई. | बी.ई. | बी.ई. | बी.ई. |
| | **203.48** | **28.25** | **17.67** | **74.00** | **21.63** | **39.91** | **82.64** | **467.58** |
| अप्रैल | 4.13 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.54 | 0.00 | 0.00 | 6.67 |
| मई | 19.45 | 0.84 | 1.24 | 0.00 | 1.10 | 0.00 | 0.00 | 22.63 |
| जून | 6.99 | 0.79 | 1.41 | 8.21 | 1.54 | 0.00 | 0.00 | 18.94 |
| **कुल क्यू –1 (क)** | **30.57** | **1.63** | **2.65** | **8.21** | **5.18** | **0.00** | **0.00** | **48.24** |
| **उपयोग क्यू–1 (बी.ई.के % में)** | **15.02%** | **5.77%** | **15.00%** | **11.09%** | **23.95%** | **0%** | **0%** | **10.32%** |
| जुलाई | 3.71 | 0.90 | 2.54 | 0.00 | 1.25 | 16.89 | 0.00 | 25.29 |
| अगस्त | 24.00 | 0.98 | 0.00 | 0.00 | 1.32 | 0.00 | 0.00 | 26.30 |
| सितम्बर | 10.00 | 1.10 | 3.54 | 0.00 | 1.96 | 0.00 | 0.00 | 16.60 |
| **कुल क्यू –2 (ख)** | **37.71** | **2.98** | **6.08** | **0.00** | **4.53** | **16.89** | **0.00** | **68.19** |
| **उपयोग क्यू–2 (बी.ई.के % में)** | **18.53%** | **10.55%** | **34.40%** | **0%** | **20.95%** | **42.32%** | **0%** | **14.58%** |
| **कुल योग (एच–1)** | **68.28** | **4.61** | **8.73** | **8.21** | **9.71** | **16.89** | **0.00** | **116.43** |
| **उपयोग एच–1 (बी.ई.के % में)** | **33.55%** | **16.32%** | **49.40%** | **11.09%** | **44.90%** | **42.32%** | **0%** | **24.90%** |
| अक्टूबर | 2.90 | 0.00 | 0.00 | 6.70 | 1.73 | 0.00 | 0.00 | 11.33 |
| नवम्बर | 19.35 | 1.94 | 0.00 | 0.00 | 1.72 | 0.00 | 0.00 | 23.01 |
| दिसम्बर | 4.75 | 0.90 | 0.00 | 0.00 | 1.24 | 0.00 | 0.00 | 6.89 |
| **कुल क्यू –3** | **27.00** | **2.84** | **0.00** | **6.70** | **4.69** | **0.00** | **0.00** | **41.23** |
| **उपयोग क्यू–3 (बी.ई. के % में)** | **13.27%** | **10.05%** | **0%** | **9.05%** | **21.68%** | **0%** | **0%** | **8.82%** |
| **कुल अनुदान (एच–1) 03** | **95.28** | **7.45** | **8.73** | **14.91** | **14.40** | **16.89** | **0.00** | **157.66** |
| **उपयोग–एच–1 + क्यू 3 (बी.ई. के % में)** | **46.82%** | **26.37%** | **49.40%** | **20.14%** | **66.58%** | **42.32%** | **0%** | **33.72%** |








# वास्तविक अनुदान उपयोगिता की तुलना में बजट (आर.ई.)








# वित्तीय वर्ष - 2013-14 से 2016-17 (31.12.2016) तक
# तेउविबो द्वारा संवितरित ऋण

(रुपये करोड़ में)

| तेल क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के नाम | वित्तीय वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | Total |
| गेल | 975.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 975.00 |
| आईओसीएल | 572.00 | 420.00 | 711.25 | 0.00 | 1703.25 |
| एचपीसीएल | 138.00 | 120.00 | 124.75 | 0.00 | 382.75 |
| बीपीसीएल | 0.00 | 907.50 | 744.25 | 346.00 | 1997.75 |
| बीसीपीएल | 435.00 | 0.00 | 298.00 | 243.12 | 976.12 |
| गेल गैस | 25.65 | 12.35 | 24.23 | 0.00 | 62.23 |
| एमआरपीएल | 300.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 300.00 |
| अन्य* | 42.00 | 0.00 | 12.00 | 420.98** | 474.98 |
| **कुल** | **2487.65** | **1459.85** | **1914.48** | **1010.10** | **6872.08** |

*एनआरएल एवं बीएलएल, **सरकार के निर्देशानुसार, तेउविबो ने एनजीएचपी–2, ओएनजीसी के लिए अपना हिस्से के रूपये 320.98 करोड जारी किए और वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान तेल क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनियों को जारी ऋण में से 100 करोड रुपये आरजीआईपीटी को प्रतिपूर्ति आधार पर फर्नीचर और प्रयोगशाला उपकरण खरीदने के लिए जारी किए।





*31.12.2016 तक

## ऋण के ब्याज पर आय

(रुपये करोड में)



# तेउविबो ऋण द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं की सूची

## (वित्तीय वर्ष के दौरान- 2013-14 से 2016-17)

| संस्थान का नाम | परियोजना का नाम |
|---|---|
| गेल (इंडिया) लिमिटेड | 1. दाबोल–बैंगलौर पाइपलाइन<br>2. पेट्रोकैमिकल्स कॉप्लेक्स–।। परियोजना विजयपुर एवं पाता.<br>3. कोच्ची–कांजीर–कोड–बैगलौर–मंगलौर पाइपलाइन |
| आईओसीएल | 4. पारादीप रिफाइनरी, अभय चन्द्रइपुर परियोजना<br>5. द्रवीकृत उत्प्रेरक क्रेकिंग यूनिट (एफसीसीयू), मथुरा रिफाइनरी,<br>6. पारादीप रिफाइनरी परियोजना,<br>7. पारादीप रायपुर–रांची उत्पाद पाइपलाइन,<br>8. एसएमपीएल की डिबोटल नेकिंग<br>9. पारादीप हलदिया दुर्गापुर एलपीजी पाइपलाइन |
| एचपीसीएल | 10. बीपीसीएल उरण से चाकण (पूना) तक एलपीजी पाइपलाइन<br>11. रेवाडी मथुरा कानपुर पाइपलाइन<br>12. आवा सालवास पाइपलाइन<br>13. मैंगलोर बैगलोर एलपीजी पाइपलाइन.<br>14. उरण से चाकण तक एलपीजी पाइपलाइन<br>15. रेवाडी कानपुर उत्पाद पाइपलाइन |
| बीपीसीएल | 16. एकीकृत रिफाइनरी विस्तार परियोजना, कोच्ची<br>17. सीडीयू/वीडीयू परियोजना, मुंबई,<br>18. कोटा जोबनेर पाइपलाइन |
| एनआरएल | 19. वेक्स परियोजना |
| बीसीपीएल | 20. ब्रह्मपुत्र क्रेकर और पॉलिमर परियोजना (असम गैस क्रैकर परियोजना) |
| एमआरपीएल | 21. तीसरा चरण रिफइनरी परियोजना |
| गेल (इंडिया) लिमिटेड | 22. 4 शहरों देवास, कोटा, मेरठ और सोनीपत में गैस वितरण परियोजना।<br>23. ताज समलंब के भौगोलिक क्षेत्र में शहरी गैस वितरण परियोजना। |

# इक्विटी निवेश

राशि रूपये में

| (क) आईएसपीआरएल में इक्विटी | |
|---|---|
| भारत सरकार द्वारा स्वीकृत इक्विटी | 3832,56,00,000 |
| वित्तीय वर्ष | जारी इक्विटी |
| **2005-06** | 4,33,00,000* |
| **2006-07** | 32,53,28,453 |
| **2007-08** | 63,26,16,099 |
| **2008-09** | 193,29,90,214 |
| **2009-10** | 226,21,99,208 |
| **2010-11** | 442,35,41,829 |
| **2011-12** | 570,12,04,367 |
| **2012-13** | 811,54,79,687 |
| **2013-14** | 548,00,29,375 |
| **2014-15** | 323,91,43,775 |
| **2015-16** | 241,03,00,000 |
| **2016-17 (31-12-2016 तक)** | 96,19,00,000 |
| कुल | **3552,80,33007** |
| (ख) मैसर्स बीको लॉरी में इक्विटी | |
| **1994-95** | **17,58,00,000** |
| **2011-12** | 32,75,85,000 |
| कुल | **50,33,85,000** |
| कुल योग (क+ख) | **3603,14,18,007** |

*आईओसीएल द्वारा रुपये 1.00 करोड का योगदान

# 19 से 26 नवम्बर 2016 तक संविधान दिवस और कौमी एकता सप्ताह का आयोजन



राष्ट्रीय एकता दिवस–19 सितम्बर 2016



20 नवम्बर 2016 – अल्पसंख्यक कल्याण दिवस



21 सितम्बर 2016– भाषाई सदभावना दिवस




22 नवम्बर 2016–कमजोर वर्ग दिवस



23 नवम्बर 2016– सांस्कृतिक एकता दिवस



24 नवम्बर 2016–महिला दिवस



25 नवम्बर 2016–संविधान दिवस



25 नवम्बर 2016–संरक्षण दिवस

**तेल उद्योग विकास बोर्ड**
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार

तेउविबो
OIDB

**Oil Industry Development Board**
Ministry of Petroleum & Natural Gas, Government of India

Registered Office : 301, World Trade Centre, 3rd Floor, Babar Road, New Delhi-110001
Corporate Office : OIDB, Bhawan, "C" Block, Plot No. 2, Sector-73, Noida-201301 (U.P.)
Visit Oil Industry Development Board website "http://oidb.gov.in"